अमानक सोया मिल्क धड़ल्ले से हो रहा सप्लाई

सोया मिल्क के नाम पर 'सफेद ज़हर' बेचा जा रहा, युवाओं की सेहत से खिलवाड़, सीएमएचओ ने दिए जांच के निर्देश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। शहर में स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां ग्वालियर की एक निजी कंपनी द्वारा कथित रूप से बिना मानकों का पालन किए सोया मिल्क बेचने के आरोप लग रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह कंपनी ठाठीपुर, मुरार, गोले का मंदिर सहित शहर के कई क्षेत्रों में डेयरी संचालकों को बड़े स्तर पर सोया मिल्क की सप्लाई कर रही है, जिसे प्रतिदिन सैकड़ों जिम जाने वाले युवक और फिटनेस प्रेमी स्वास्थ्यवर्धक पेय समझकर सेवन कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कंपनी द्वारा सप्लाई किए जा रहे पैकेजिंग पाउच पर न तो उत्पादन तिथि अंकित की जा रही है, न बैच नंबर लिखा जा रहा है और न ही समाप्ति तिथि का उल्लेख किया गया है। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार किसी भी खाद्य पदार्थ की पैकेजिंग पर निर्माण तिथि,

एक्सपायरी डेट, बैच नंबर, निर्माता का विवरण और लाइसेंस संबंधी जानकारी होना अनिवार्य माना जाता है, ताकि उपभोक्ता उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा की जानकारी प्राप्त कर सकें। लेकिन आरोप है कि इस सोया मिल्क में इन बुनियादी नियमों की खुली अनदेखी की जा रही है।

फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग का शौक रखने वाले युवा मसल्स रिकवरी और प्रोटीन की पूर्ति के लिए बड़ी मात्रा में सोया मिल्क का सेवन करते हैं। जिम ट्रेनर और फिटनेस प्रेमियों के बीच इसे हेल्दी ड्रिंक के रूप में प्रचारित किया जाता है। ऐसे में यदि बिना गुणवत्ता जांच और बिना निर्धारित मानकों वाला उत्पाद बाजार में बेचा जा रहा है तो यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ माना जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई युवक प्रतिदिन नियमित रूप से इस सोया मिल्क का सेवन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह तक जानकारी नहीं कि उत्पाद कब तैयार हुआ, कितने दिन पुराना है और उसका सेवन सुरक्षित भी है या नहीं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बिना उचित पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण के तैयार खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया और फंगस पनपने का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक खराब या एक्सपायर्ड पेय पदार्थों का सेवन पेट संबंधी संक्रमण, एलर्जी, फूड पॉइजनिंग और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर संबंधित विभाग द्वारा इस तरह के उत्पादों की जांच क्यों नहीं की जा रही। स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि संबंधित कंपनी के उत्पादन स्थल, पैकेजिंग प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों की तत्काल जांच की जानी चाहिए। साथ ही बाजार में सप्लाई किए जा रहे सोया मिल्क के सैंपल लेकर लैब परीक्षण कराया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं तो कंपनी पर कठोर कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस निरस्त किया जाना चाहिए।

शहर में तेजी से बढ़ते फिटनेस कल्चर के बीच युवाओं का भरोसा हेल्थ ड्रिंक्स और प्रोटीन उत्पादों पर बढ़ा है। ऐसे समय में यदि बिना मानकों वाले उत्पाद बाजार में खुलेआम बेचे जा रहे हैं तो यह न केवल नियमों की अवहेलना है बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या कार्रवाई सामने आती है।

इनका कहना है...

सोया मिल्क पैकेजिंग पर निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, बैच नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी अंकित न होने की सूचना मिली है। यह खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। मैंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए हैं। लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

– डॉ सचिन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ग्वालियर

वार्ड 18 में बिजली संकट को लेकर आक्रोश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। शहर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित बघेल मोहल्ला में पिछले काफी समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं से परेशान नागरिकों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। बिजली की अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज

स्थानीय निवासियों ने एमपीईबी कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

और जर्जर तारों जैसी गंभीर समस्याओं के निराकरण के लिए आज क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर डीडी नगर स्थित मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय का रुख किया। यहां नागरिकों ने बिजली कंपनी के एई दिलीप कुमार को एक लिखित आवेदन पत्र सौंपा और समस्याओं को दूर करने के लिए 3 दिन का अल्टीमेटम दिया।

एई ने दिया तत्काल कार्रवाई का आश्वासन : ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस पर गंभीरता दिखाते हुए सहायक अभियंता ने तत्काल मौके पर ही मातहत अमले को आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने मोहल्लेवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही स्थायी समाधान किया जाएगा।

जनहित में प्रयास रहेंगे निरंतर जारी : इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी रामराज सिंह राजावत ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। यदि 3 दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु जनहित में यह प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

ये लोग रहे उपस्थित : इस विरोध-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान सत्यवीर बघेल, ओमवीर रजक, लाल सिंह बघेल, सरनाम गुर्जर, शिवराज बघेल, अनूप गुर्जर, सरदार गुर्जर सहित बघेल मोहल्ले के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की, ताकि भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में आमजन को राहत मिल सके।

जनगणना राष्ट्र के विकास की आधारशिला : शर्मा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। ओजस्विनी विचार मंच, ग्वालियर ने हमारी जनगणना-हमारी प्रगति विषय पर एक ई-मासिक परिचर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपसंचालक एवं जिला योजना अधिकारी, मुरैना प्रतिज्ञा शर्मा (डिप्टी कलेक्टर) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता केआरजी कॉलेज की

72 प्रबुद्ध महिलाओं ने विचार किए साझा

प्राचार्य प्रो. साधना श्रीवास्तव ने की। **राष्ट्रीय विकास का आधार है जनगणना :** मुख्य अतिथि प्रतिज्ञा शर्मा ने जनगणना फार्म के 33 बिंदुओं का सरलीकरण करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। यह भविष्य में राष्ट्रीय नीतियां बनाने, सटीक संसाधन वितरण और सामाजिक कल्याण के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध कराती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि जनसंख्या का सांख्यिकीय अध्ययन ही जनगणना है, जो कि एक राष्ट्रीय यज्ञ के समान है। इसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है और हमें सही जानकारी देकर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। आशा शर्मा ने प्रस्तावना रखी और रेणु शर्मा ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। देश के विभिन्न शहरों से जुड़ीं 72 ओजस्विनी बहनों ने समाज, राष्ट्र और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में जनगणना की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख वक्ता परिचर्चा में डॉ. आदित मिश्रा, डॉ. अर्चना मुद्गेये, अश्लेषा सोनवलकर, प्रीति बौहरे, डॉ. नीतू भारद्वाज, कल्पना प्रदीप एवं डॉ. अलका प्रधान ने प्रमुखता से अपने विचार रखे।

वैवाहिक परंपराओं के लिए होगी धरोहर कार्यशाला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन मध्य प्रदेश, अग्रवाल समाज की वैवाहिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और संस्कारों के संरक्षण हेतु 7 जून 2026 को ग्वालियर व्यापार मेला परिसर के पास स्थित संस्कृति बैंक्वेट हॉल में धरोहर कार्यशाला का आयोजन करने जा रही हैं।

समितियों का गठन और प्रमुख दायित्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल एवं महिला विंग अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का संपूर्ण मार्गदर्शन अशोक गोयल, पारस जैन, राजेश एरण एवं डॉ. राकेश अग्रवाल कर

पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व

रहे हैं। व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए समितियां गठित की गई हैं, जिनमें दिलीप अग्रवाल, अजय गोयल, श्याम बंसल, पुरुषोत्तम गोयल, रसंजय अग्रवाल, दिनेश बंसल एवं कमल गोयल, मनोज अग्रवाल बाबा, ताराचंद गर्ग (जिला उपाध्यक्ष) आदि शामिल हैं।।

अग्रवंश परिणय संस्कार पुस्तक का होगा विमोचन

इस अवसर पर समाज की वैवाहिक रस्मों को सहेजने वाली पुस्तक अग्रवंश परिणय संस्कार का विमोचन किया जाएगा। इस पुस्तक के संपादन का दायित्व डॉ. राकेश अग्रवाल और सह-संपादन का दायित्व ज्योति अग्रवाल को सौंपा गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, परिणय संस्कार कार्यशाला और सहभोज का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, संदीप नारायण, शैलेंद्र जैन, महामंत्री मनोज अग्रवाल, विवेक बंसल, कोषाध्यक्ष सी.एच. अजय सिंघल सहित जिला अध्यक्ष रवि कुमार गर्ग, महामंत्री अशोक अग्रवाल और बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

विधायक प्रीमियर लीग में रोमांचक मुकाबले

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 3: 30 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच सायं 3:30 बजे वार्ड क्रमांक 45 की टीम 45/सी एवं टीम 45/के के मध्य खेला गया। इसी क्रमश: में दूसरा मैच सायं 4:30 बजे वार्ड क्रमांक 60 की टीम 60/एफ एवं टीम 60/एन के मध्य, तीसरा मैच सायं 5:30 बजे वार्ड क्रमांक 20 की टीम 20/ए एवं टीम 20/जी के मध्य, चौथा मैच सायं 6:30 बजे वार्ड क्रमांक 27 की टीम 27/डी एवं टीम 27/ई के मध्य, पांचवा मैच सायं 7:30 से वार्ड क्रमांक 18 की टीम 18/सी एवं टीम 18/ई के मध्य एवं अंतिम छठवां मैच सायं 8:30 बजे वार्ड क्रमांक 56 की टीम 56/एल एवं टीम 56/ओ के मध्य खेला गया। टूर्नामेंट के अंत में न्यासी आदित्य सिकरवार द्वारा दर्शकों के लिये लक्की ड्रा खोला जाता है, 30 दर्शकों को आर्कषक उपहार दिये गये।

मैच की शुरूआत में टूर्नामेंट के आयोजक, न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अतिथियों के साथ टीमों से परिचय किया और टीमों को शुभकामनाएं दी। विभिन्न मैचों में अतिथियों के रूप में दाल बाजार व्यापार समिति के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र साहू, जिला महासचिव कांग्रेस तरूण सिंह कुशवाह, नीरज सिंह राठौर, राजेश सिंह कुशवाह, शिवम करैया, राहुल भदकारिया मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच देव कुमार को मिला।

पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। सिरोल थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (उकसाने) के मामले में करीब तीन महीने से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को इंदौर के एक होटल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अपनी पहली शादी की बात छुपाकर मृतिका के साथ रह रहा था और घटना के बाद से ही लगातार पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था। पुलिस अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी ताकि मामले में विस्तृत पूछताछ की जा सके।

फरियादी आनंद सिंह चौहान (निवासी टीपी नगर, बहोड़ापुर) ने सिरोल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी वैष्णवी ने आरोपी सत्यनारायण उर्फ राजू भदौरिया से प्रेम विवाह किया था। दोनों ईस्ट मैरेडियन में एक किराए के फ्लैट में रह रहे थे।

शादी के कुछ समय बाद वैष्णवी को पता चला कि सत्यनारायण पहले से ही शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। इस बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होने लगा । 11 फरवरी 2026 को आरोपी ने वैष्णवी के भाई को फोन कर कहा कि वह फ्लैट पर जाए, वहां कुछ गड़बड़ है। जब परिजन फ्लैट पर पहुंचे तो वैष्णवी का शव पंखे से लटका मिला।

इंदौर के होटल में पत्नी के साथ मिला आरोपी : मुखबिर और तकनीकी सहायता से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी इस समय इंदौर में है। सूचना मिलते ही ग्वालियर पुलिस की टीम तुरंत इंदौर पहुंची। इंदौर के हीरा नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल गोल्डन ईपोच में दबिश दी गई। पुलिस ने जब होटल के एक कमरे में छापा मारा, तो आरोपी वहां अपनी पत्नी के साथ मौजूद मिला। पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सत्यनारायण उर्फ राजू भदौरिया (41 वर्ष), निवासी न्यू द्वारिकापुरी, पुरानी छावनी (ग्वालियर) बताया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है, जिसके बाद पुलिस उसे ग्वालियर ले आई और गिरफ्तार कर लिया।

जांच में मिला था सुसाइड वीडियो

सिरोल पुलिस ने जब मामले की जांच शुरू की, तो मृतिका के मोबाइल से आत्महत्या से ठीक पहले बनाया गया एक वीडियो बरामद हुआ। इसके अलावा परिजनों के बयानों और साक्ष्यों से यह साफ हुआ कि घटना के दिन आरोपियों द्वारा वैष्णवी के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट और प्रताड़ना की गई थी, जिससे तंग आकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी अलग-अलग ठिकानों पर छिपकर फरारी काट रहा था, जिसका अंत अब सलाखों के पीछे हुआ है।

वार्ड चलो अभियान से जनता के बीच पहुंचेगी आप

ग्वालियर, 20 मई। आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा संगठन के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र के सभी 66 वार्डों में वार्ड चलो अभियान 2026 शुरू किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनना, संगठन को मजबूत करना और दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों को घर-घर तक पहुंचाना है। अभियान के दौरान कार्यकर्ता वार्ड स्तर पर जनता से संवाद करेंगे तथा नए साथियों और युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य भी करेंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार आम आदमी पार्टी जनता के अधिकारों और समस्याओं की लड़ाई लड़ने में विश्वास रखती है। अभियान की शुरुआत 22 मई 2026 से वार्ड 54, 23 मई को वार्ड 52 और 24 मई को वार्ड 53 से की जाएगी।

स्वर्ग सेवा सदन आश्रम में सेवाकार्य का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। अधिक मास के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था विप्रा महिला मंच द्वारा गुड़ा गुड़ी का नाका स्थित च्स्वर्ग सेवा सदन आश्रमज में सेवाकार्य का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम में रह रहे बुजुर्गों और जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और फल वितरित किए गए।

मंच की संस्थापिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने इस अवसर पर अधिक मास का धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि इस पवित्र महीने में दान, सेवा और पुण्य कार्यों का विशेष फल मिलता है। कार्यक्रम का सफल संयोजन मंच की अध्यक्ष शिवानी चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

अधिक मास पर विप्रा महिला मंच ने स्वर्ग सदन आश्रम में किया भोजन व फल वितरण

इस दौरान उपाध्यक्ष डॉ. शैलजा मिश्रा एवं कल्पना पाठक ने फल वितरित किए, वहीं सचिव डॉ. राजरानी शर्मा ने कहा कि समाज सेवा और कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की सहायता करना ही मंच का मुख्य उद्देश्य है। इस सेवा कार्य में ज्योति शर्मा, दीप्ति शर्मा, स्मिता पांडे, कृष्णा विश्राम शर्मा, मंजू शर्मा, सीमा दुबे, श्रुति उपाध्याय सहित भारी संख्या में विप्रा संगिनियां उपस्थित रहीं।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस करेगी नमन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 मई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बताया कि आज 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर अपरांह 11 बजे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। सभी कांग्रेसजनों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

CHANGE OF NAME (MINOR SON)

I, **Nikhil Mishra** resident of Air Force Station Maharajpura, Gwalior have changed my son name from **Nirved Mishra** to **Kartikey Mishra** vide Affidavit No. BX371573 dated 19 May 2026 before District Court Gwalior (M.P.).

NAME CHANGE

I, **ASLAM SHAH S/o MANSUR SHAH** R/o Laliyapura I.T.M. College ke pass, Gird, Gwalior, (M.P.)-Pin 474001. have changed my name to **ASLAM**. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
Signature
Vide affidavit No.BX 287175
Date -20.05.2026

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती उषा श्रीवास पत्नी श्री सुनील श्रीवास ने उक्त अचल सम्पत्ति भवन स्थित प्रगति बिहार कालोनी, गोले का मंदिर ग्राम गोसपुरा जिला ग्वालियर में है। जिसका म्यु भवन क्र. 2774 वार्ड क्र. 24 जो कि सर्वे क्र.1577 एंव 1578 का भाग कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट है, जो मेरी पक्षकारा की क्रयशुदा सम्पत्ति है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सुनील श्रीवास पत्नी श्री श्रीराम श्रीवास की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 711 तारीखी 20.05.2007 में श्रीमती कल्लू पत्नी स्व. श्री दुर्गाप्राद के द्वारा सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में-भवन रामसेवक सविता, पश्चिम में-भवन राजपति देवी, उत्तर में-रोड, दक्षिण में-रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता सुनील श्रीवास पत्नी श्री श्रीराम श्रीवास की क्रयशुदा सम्पत्ति असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरी पक्षकारा से कही गुम हो गया जो कि काफी तलाशने पर भी नहीं मिला। उक्त अचल सम्पत्ति भवन आदित्य बिरला हाउसिंग फायनेंश लिमिटेड ग्वालियर में बंधक की गई है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को मेरी पक्षकारा के विक्रेता सुनील श्रीवास पत्नी श्री श्रीराम श्रीवास की क्रयशुदा सम्पत्ति असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मिल जाता है। तो नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर सूचित करे और मेरी पक्षकारा अचल संपत्ति भवन का कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट पर हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।
दिनांक-20.05.2026
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 54 व स्थान- आर्मी बजरिया में स्थित है जो कि अंजना गोयल/मनोज गोयल के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000338057 पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1178 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602023ए11606220 दिनांक 18/3/2023 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ऑमखो दिनांक 20/5/2026 को किया गया है. जिसकी कार्य पत्र संख्या-26010100008206 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 20-5-2026
आवेदक का नाम/पता/मो.नं.
जैबुन निशा / रशीद खान
पता-आर्मी बजरिया, ग्वालियर म.प्र., मोब.-9425111313

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 49 व स्थान- संतोष वाटिका के सामने हारकोट सीर में स्थित है जो कि वीरू कुशवाह, धर्मेन्द्र चौरसिया/स्व. अमर सिंह कुशवाह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000228293 पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602023ए12551839 दिनांक 16/11/2023 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी दिनांक 19/5/2026 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 83/2010/18837/41136 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 20-5-2026
आवेदक का नाम/पता/मो.नं.
मानया गजवानी/स्व. वासुदेव वाधवानी
पता-संतोष वाटिका के सामने हार कोट सीर, ग्वालियर म.प्र., मोब.-9399190558

उत्तर मध्य रेलवे

नं.: JHS/W/LC/JHS/08 **दिनांक:** 20.05.2026

सार्वजनिक अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे समपार फाटक संख्या-394, रेलवे कि.मी. 1182/2-4 अप, डाउन एवं थर्ड लाइन, डबरा यार्ड सेक्शन में दिनांक 23.05.2026 से ट्रैक मेंटेनेंस का कार्य दिनांक 01.06.2026 तक चलेगा। अत एव समपार क्रमांक- 394 दिनांक 23.05.2026 से 01.06.2026 तक सड़क यातायात हेतु बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग के रूप में झाँसी की ओर समपार क्रमांक-393 तथा ग्वालियर की ओर ROB डबरा एवं LHS-396 का उपयोग किया जा सकता है।

1136/26(DG) **Sr DEN (N)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांक : झांसी/एस/106/प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक : 20.05.2026**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झांसी मंडल के सबलगढ़-बीरपुर न्यू GC लाइन विद्युतीकरण के सम्बंध में दि. दिनांक 21.05.26 को प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा निरीक्षण किया जाना है। निरीक्षण के दौरान तथा पश्चात् इस खंड की लाइन **25 kva विद्युतीकरण** संचालित कर दिया जाएगा। आस-पास के सभी नागरिको से अनुरोध है कि विद्युत के तार और खम्भों से दूर रहे, रेल लाइन के आस-आस न बैठे, और न ही अनाधिकृत रूप से पार करे एवं अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखे। ऐसा करना रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल अथवा दोनों हो सकते है।

गिरीश कंचन
वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, झांसी

1139/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

एमआईटीएस-डीयू में इंडस्ट्रियल कोलोक्वियम का आयोजन

ग्वालियर, 20 मई। माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस डीम्ड यूनिवर्सिटी ग्वालियर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आज न्यू एकेडमिक ब्लॉक के बेसमेंट स्थित एक्जीबिशन हॉल में इंडस्ट्रियल कोलोक्वियम 2026 का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी और औद्योगिक संवाद कार्यक्रम छात्रों के नवाचारों और उद्योग जगत की जरूरतों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि सुनील बाबू त्रिपाठी थे और विशिष्ट उपस्थिति डॉ. मंजरी पंडित प्रो-वाइस चांसलर एवं डॉ. मंगल यादव ने सभी अतिथियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. चंद्र शेखर मालवी के साथ-साथ डॉ मनीष सागर, सह-संयोजक प्रो. आर. पी. कोरी, डॉ. गनवेन्द्र नोर्के और प्रो. वैभव शिवहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्र शेखर मालवी ने आभार माना।